हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024

# शीतकालीन सत्र की तैयारी अंतिम चरण में

## संभागीय आयुक्त समेत मनपा अधिकारियों ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से नागपुर में शुरू हो रहा है. संभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी ने बुधवार को विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ विधान भवन क्षेत्र में सत्र के लिए प्रशासन द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

संभागीय आयुक्त बिदरी ने विधान भवन, हैदराबाद हाउस और रवि भवन की व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को विभिन्न समन्वय स्थापित कर आज गुरुवार तक संपूर्ण व्यवस्था पूर्ण करने की योजना बनाने तथा इस क्षेत्र में साफ-सफाई को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये गये हैं।



इस समय जिलाधिकारी डॉ. विपीन इटनकर, जिप के सीईओ विनायक महामुनि, विधानमंडल सचिवालय कक्ष अधिकारी पजारे, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अभिजीत कुचेवार, उपविभागीय अभियंता संजय उपाध्ये,, विद्युत विभाग के उपविभागीय अभियंता मानकर, शाखा अभियंता संदीप चपले, रवि भवन के राहुल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विधान परिषद एवं विधान सभा कक्ष में बैठने की व्यवस्था, नव स्थापित मल्टीमीडिया कॉन्फ्रेंस सिस्टम, पार्टी कार्यालय, कैंटीन आदि का निरीक्षण करते हुए बिदरी ने सुरक्षा कारणों से पुलिस विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों को तत्काल लागू करने का निर्देश दिया।

विधान भवन, विधायक आवास और रविभवन क्षेत्र में तीन हिरकनी कक्ष बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस कक्ष में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। हैदराबाद हाउस में मुख्यमंत्री सचिवालय, मुख्य सचिव कार्यालय और विभिन्न मंत्रिस्तरीय विभागों के कार्यालयों के लिए जगह उपलब्ध कराई गई है। इन कार्यालयों में बैठक व्यवस्था एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। रवि भवन में स्पीकर, स्पीकर, डिप्टी स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष के आवास के साथ-साथ इस क्षेत्र में मंत्रियों के आवास और कार्यालयों के लिए प्रशासन द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं पर विचार किया गया।

### ऐप पर होगी कन्वेंशन संबंधी व्यवस्था की जानकारी

जिलाधिकारी डॉ.विपिन इटनकर ने बताया कि विधानमंडल सत्र के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी ऐप पर उपलब्ध होगी। साथ ही रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर हेल्प डेस्क बनाकर बाहर से आने वाले सदस्यों और आगंतुकों को व्यवस्था की जानकारी दी जाएगी।

### क्यूआर कोड के माध्यम से होगी उपलब्ध

लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई आवास व्यवस्था के संबंध में एक सूचना पुस्तिका तैयार की गई है और संपूर्ण व्यवस्था की जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध होगी। गूगल मैप पर लोकेशन मैप तैयार किया गया है और बाहर से आने वाले लोगों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी क्यूआर कोड के जरिए पूरी जानकारी मिलेगी। क्यूआर कोड के माध्यम से सिस्टम से संबंधित तीसरे पक्ष की शिकायतों और समस्याओं को भी स्वीकार करने की व्यवस्था की गई है।

## राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति से मिले सीएम फडणवीस





**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद फडणवीस का यह पहला दिल्ली दौरा है। बुधवार दिल्ली पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस राष्ट्रपति भवन गये और राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने महाराष्ट्र के देवता विट्ठल-रुख्मिणी को मूर्तियां देकर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फड़नवीस सीधे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आवास पर गये। वहां उन्होंने उपराष्ट्रपति को विट्ठल-रुख्मिणी की मूर्ति भेंट में दी और उनका आशीर्वाद लिया।

## पोस मशीन की समस्या तत्काल दूर करें: कुरैशी



**नागपुर।** शहर राशन दुकानदारों की पोस मशीन द्वारा होने वाली दिक्कत को तत्काल दूर करने की मांग नागपुर शहर कांग्रेस राशन दुकानदार सेल के अध्यक्ष अतीक कुरैशी ने की है। कुरैशी ने कहा कि कार्डधारक को राशन दुकान में लाइन लगाकर अपने हक के अन्न के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जगह-जगह दुकानदारों और कार्ड धारकों में तकरार होने की संभावना बन रही है। कुरैशी ने पोस मशीन के माध्यम से होने वाली हमेशा की समस्या का तत्काल समाधान निकालने ने की प्रशासन से मांग की है।

# क्राइम ब्रांच ने पकड़ा शातिर चोर



## 9 चोरी के मामले का किया खुलासा

**नागपुर।** क्राइम ब्रांच की यूनिट 3 की टीम ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ शहर भर में चोरी के कई मामले दर्ज हैं। इस आरोपी ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी हुड़केश्वर पुलिस थाना क्षेत्र से की है, जिसकी पहचान 24 वर्षीय अमोल चंद्रशेखर चाफेकर (24) नंदगिरी रोड, ठक्कर ग्राम पाचपावली निवासी के रूप में हुई है। आरोपी अमोल के खिलाफ इससे पहले 45 से अधिक चोरी के मामले दर्ज थे। जानकारी के अनुसार हुड़केश्वर पुलिस थाने के गारगोटी, नरसाला स्थित तुलजाई नगर, प्लॉट क्रमांक 6/ बी में फरियादी मोरेश्वर घनश्याम हरकाड़े (40) रहते हैं। चुनाव ड्यूटी के चलते 19 नवंबर की दोपहर 3 से 21 नवंबर की सुबह 7:30 के दौरान मोरेश्वर घर को ताला लगाकर ड्यूटी पर गए थे। इसी बीच अज्ञात चोर ने उनके घर से सेंध मारी कर दो एलसीडी टीवी, एक गैस सिलेंडर सहित 16000 रुपए का माल चोरी किया था।

इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी। जांच के दौरान ही पुलिस ने हुड़केश्वर परिसर से अमोल को एक किराए के घर से गिरफ्तार किया। आरोपी की कहानी कुछ ऐसी है कि चोरी के एक मामले में वह जेल में बंद था इस दौरान उसकी पत्नी छोटे बच्चों को लेकर उसके ही एक दोस्त के साथ भाग गई थी जिन्होंने बाद में शादी कर ली। जेल से छूटने के बाद उसे नशे की लत लग गई और इस दौरान उसने अपने दोस्त की पत्नी को भगाकर उससे शादी कर ली। अमोल ने घर बसाने के लिए घरेलू सामान की आवश्यकता महसूस की, जिसके चलते उसने शहर के विभिन्न हिस्सों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। इन चोरी की वारदातों में उसने फ्रिज, वाशिंग मशीन, टीवी जैसी वस्तुएं चुराई थीं। इसके अलावा, दो महीने पहले कन्हान में एक बार से 27000 रुपये की नगदी चुरा कर फरार हो गया था। पुलिस को इस चोर को पकड़ने में सीसीटीवी फुटेज से मदद मिली। कन्हान के बार की घटना में आरोपी का चेहरा सीसीटीवी में कैद हो गया था, जिससे पुलिस को उसकी पहचान करने में मदद मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया। आरोपी के पास से लगभग 4.33 लाख रुपये का चोरी किया गया माल बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने चोरी के मामले में अपने अन्य साथियों अफरोज शमशाद अंसारी (25) अंबे नगर पारडी, आरिफ कांजी हाउस चौक यशोधरा नगर और नीलेश विश्वकर्मा नंदनवन झोपड़पट्टी निवासी का नाम भी बताया है जिनकी भी तलाश पुलिस कर रही है। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी की निशान देही पर 28 ग्राम सोने के आभूषण दो टीवी, एक गैस सिलेंडर एक मोबाइल फोन दो दोपहिया वाहन सहित 4,33,000 रुपये का माल पुलिस ने बरामद किया है।

# ताजआबाद झोपडपट्टीवासियों को लेकर गंभीर नहीं मनपा

### एमआईएम ने विधायक मते को ज्ञापन देकर किया अवगत

**नागपुर।**

ताजआबाद झोपडपट्टी धारकों को मालिकाना हक के पट्टे मिलने को लेकर एआईएमआईएम पार्टी ने 2022 और 2023 में विधायक मुफ्ती इस्माइल काशमी के नेतृत्व में नागपुर विधानसभा पर एक भव्य मोर्चा निकला था। जिसके फलस्वरूप राज्य की सरकार ने सन 1995 स्लम झोपडपट्टी अधिनियम स्लम पंजीयन कोड नं.2 अंतर्गत ताजआबाद निवासी नागरिकों को पट्टे लिज करके देने को लेकर मंजूरी प्रदान की थी। सरकार के तरफ से आव्हान किया गया था कि जमीन किसी भी ट्रस्ट, संस्था या किसी भी मालकी की हो, उसे जमीन आवंटन की जायगी यह प्रतिक्रिया सरकार के आधिन है।



ऐसा जाहीर किया गया। मगर संविधानिक तौर पर 15 साल पूर्व बसी हुई झोपडपट्टी रहवासीयोको जो स्लम नमुद कोड झोपडपट्टी है. का नियमितीकरण सर्वे कर के नागरीको को स्थाई पट्टे पंजियंन कर के दिया जाएगा ऐसी अधिसूचना भी जाहीर की गई।

परंतु नागपुर मांपे के स्लम विभाग कार्यालय के माध्यम से ताजआबाद झोपडपट्टी नियमितीकरण का सर्वे का कार्य आज तक शुरू नहीं किया गया। इस मुद्दे को लेकर दक्षिण नागपुर के विधायक मोहन मते को पत्र देकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। इस समय विधायक मते ने डेलिगेशन के सामने नागपुर महानगर पालिका के स्लम संबंधित अह्दिकारियों से बात की और ताजआबाद झोपडपट्टी नियमितीकरण और स्थाई पट्टे देने का सर्वे अब जल्द से जल्द शुरू करने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर शकील पटेल, इसहाक मन्सुरी, शोएब अहमद, कलिम मिरकाशिम, खादिम मोहम्मद अमिन, ताजी सैय्यद समिर अली आदि उपस्थित थे।

## बीमा ब्रांच मैनेजर से की लूटपाट

**नागपुर।** निजी इंश्योरेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर से मारपीट कर ऑटो चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर सोने की चेन छीन ली थी। इस मामले की शिकायत के बाद धंतोली पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है और उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। यह घटना मंगलवार सुबह करीब 8:50 बजे के दौरान उस समय हुई जब 36 वर्षीय सूर्यकांत उद्धव प्रसाद शुक्ला प्लॉट नंबर 42, नरेंद्र नगर निवासी रेलवे स्टेशन स्थित अपनी ऑफिस में जाने के लिए निकले थे। सूर्यकांत धंतोली पुलिस थाने के साई मंदिर बस स्टॉप के पास एक ऑटो क्रमांक एम एच 31 एफबी 1666 में सवार हुए। सूर्यकांत रेलवे स्टेशन परिसर स्थित एक निजी इंश्योरेंस कंपनी में ब्रांच मैनेजर के रूप में कार्यरत है। ऑटो में पहले से ही पीछे की सीट पर तीन अन्य युवक सवार थे। रास्ते में पीछे बैठे तीनों युवकों ने सूर्यकांत के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसकी सोने की चेन जिसकी कीमत करीब ₹30000 है छीनने का प्रयास किया।

# वाड़ी में जनरेटर चोरी का पर्दाफाश

## दो आरोपी गिरफ्तार, 28 लाख का माल बरामद



**नागपुर।** वाड़ी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सड़क किनारे से चोरी हुए जनरेटर के मामले का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चोरी के जनरेटर के साथ-साथ अपराध में इस्तेमाल की गई हाइड्रा क्रेन और टाटा एस गाड़ी भी बरामद की है, जिनकी कुल कीमत 28,11,163 बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में पीयूष माणिक राव रक्षक (28), निवासी रामनगरी, वाठोड़ा और सुनील महेश गौंड़ (38), निवासी काले लेआउट वाडी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, 5 दिसंबर की रात करीब 1 बजे वाडी पुलिस थाने के टी प्वाइंट स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास लगी इलेक्ट्रिक डीपी का जनरेटर चोरी हो गया था। फरियादी पवन दयाराम सेलोकर (38), निवासी शिव तीर्थ नगर, बेलतरोडी ने इस घटना की शिकायत वाडी पुलिस थाने में दर्ज कराई।

सीसीटीवी फुटेज की जांच में पुलिस को पता चला कि चोरी में सुनील महेश गौंड़ का हाथ था। सुनील हाइड्रा क्रेन का चालक है और घटना स्थल के पास ही रहता है। पुलिस ने सुनील से पूछताछ की, तो उसने खुलासा किया कि उसे 2200 किराए पर पीयूष ने जनरेटर उठाने के लिए कहा था। पीयूष एक निजी कंपनी के लिए लेबर मुहैया करवाता था और घटना से एक दिन पहले उसने सड़क किनारे पड़ा जनरेटर देखा था, जिसकी सप्लाई काट दी थी।

## मिनी ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार

**नागपुर।** मिनी ट्रक की चपेट में आकर बाईक चालक की मौत हो गई जबकि उसका साथी जख्मी हो गया। 10 दिसंबर की रात बेचन असरफी यादव (32) बहादुरा रोड अपने साथी राकेश शर्मा (22)व सदभावना नगर को बाईक पर बिठाकर हिंगना टी प्वाइंट से सूभाष नगर टी प्वाइंट की दिशा में जा रहा था। इसी दौरान मिनी ट्रक (क्र. एम.एच./32/क्यू/2711) के चालक ने टक्कर मारकर दोनों को जख्मी कर दिया।

# स्थानीय स्तर पर ही हल करें सरकारी जगह की समस्या: इटनकर




**नागपुर।** सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए जमीन का मामला संबंधित विभाग के समन्वय से ग्राम स्तर पर उठाया जाना चाहिए। इसके लिए तालुका स्तर के अधिकारियों को समन्वय की भूमिका निभानी चाहिए और प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए भूमिहीन लाभार्थियों को जगह उपलब्ध कराना, जलजीवन मिशन के लिए पानी की टंकियों और कुओं के लिए जगह उपलब्ध कराना, गांव के कब्रिस्तान की समस्या का समाधान करना, मातोश्री ग्रामसमृद्धि कृषि सड़क के लिए जमीन की समस्या का समाधान करना, गांव के कब्रिस्तान जैसी कई योजनाओं के लिए जगह की उपलब्धता स्थानीय स्तर पर समन्वय के माध्यम से काम करना होगा. जिलाधिकारी डॉ.विपिन इटनकर ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, तहसीलदार, नगर परिषद, वन विभाग के स्थानीय अधिकारी इसके लिए पहल करें। जिलाधिकारी कार्यालय परिसर के बचत भवन में जिलाधिकारी डॉ.इटनकर की अध्यक्षता में सरकारी योजनाओं के लिए आवश्यक जगह के संबंध में व्यापक बैठक हुई। इस बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनि, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी वर्षा गौरकर, जिला योजना अधिकारी राजेश गायकवाड, जिले के सभी उपविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, गटविकास अधिकारी उपस्थित थे। जिन स्थानों पर लोगों ने सरकारी परिसरों पर अतिक्रमण कर रखा है, वहां से अतिक्रमण हटाने के कार्य को प्राथमिकता देना आवश्यक हो गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगों के पास आश्रय के लिए जगह नहीं है, उन्हें आश्रय उपलब्ध कराने के नेक इरादे से आवास योजना लागू की गई है। आज भी करीब 165 भूमिहीन लाभुकों को सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्लॉट का इंतजार है. लगभग 14 गांवों को सिंचाई कुओं, पानी की टंकियों के लिए जगह की जरूरत है।

# जरूरतमंदों तक पहुचाएं सरकारी योजनाएं

## एड.मेश्राम ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को दिये निर्देश

**नागपुर।** सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत क्रियान्वित विभिन्न योजनाएं भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुसार क्रियान्वित की जाती हैं। भारत के संविधान में यह गारंटी दी गई है कि राज्य के कमजोर वर्गों और विशेष रूप से अनुसूचित जाति और जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को विशेष ध्यान से बढ़ावा दिया जाएगा।



सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं को जरूरतमंद एवं पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध रहने के निर्देश महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य एड.धर्मपाल मेश्राम ने संबंधित अधिकारियों को दिए। सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक बुधवार को सहायक आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति के उपायुक्त मंगेश वानखेड़े, सामाजिक न्याय विभाग की सहायक आयुक्त सुकेशिनी तेलगोटे, नगर प्रशासन विभाग के विनोद जाधव, जिला खेल अधिकारी पल्लवी धात्रक और अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे. लाभार्थियों का चयन करते समय योग्य एवं जरूरतमंद लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाए।

जरूरतमंद लाभार्थी ही वास्तव में योजनाओं के उद्देश्यों को प्राप्त करते हैं। हमने कमजोरों में से कमजोरों को विकास की धारा में लाने की जिम्मेदारी स्वीकार की है। मेश्राम ने बताया कि विभाग प्रमुख होने के नाते हमें इस जिम्मेदारी का सख्ती से पालन करना चाहिए। हमने दूरदराज के छोटे गांवों से लेकर महानगरों में रहने वाले पात्र लाभार्थियों तक योजनाएं उपलब्ध कराई हैं। इसके लिए पर्याप्त धनराशि भी उपलब्ध करायी गयी है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्वरोजगार तक, पोषण से लेकर सबके स्वास्थ्य तक, योजनाओं को डिजाइन करने में व्यापक दृष्टिकोण अपनाया गया है। उन्होंने सरकार की इस भूमिका को समझते हुए अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन में पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिये।

### तत्काल करें शिकायतों की जांच

एड. धर्मपाल मेश्राम ने कहा कि जिस कार्य के संबंध में शिकायतें हों उसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि शिकायत में कोई सच्चाई है तो विभागाध्यक्ष को उच्च स्तर पर तथ्यों से अवगत कराकर जिसके साथ अन्याय हुआ है उसे न्याय दिलाने में भूमिका निभानी चाहिए। समीक्षा बैठक में पूरी जानकारी प्रस्तुत की जाये.



# तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी चालक को कुचला

**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा इलाके में दिन-ब-दिन दुर्घटनाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है, बुधवार दोपहर करीब 2:45 बजे रेत से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी चालक वेकोलि कर्मचारी को कुचल दिया. वहीं मुख्य बाजार में मुख्य सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होने से आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम जयकृष्ण उर्फ जया मोतीराम घटे उम्र 52 वर्ष निवासी भंसाली(टाकली) बताया जा रहा है। मृतक भानेगांव ओपन कास्ट कोयला खदान में कार्यरत था। घटना के दिन हमेशा की तरह मृतक जयकृष्ण सुबह 6 बजे से 2 बजे की ड्यूटी के दौरान भानेगांव ओपन कास्ट कोयला खदान में ड्यूटी पर गया था। रोजाना की तरह ड्यूटी खत्म कर स्कूटी क्रमांक एमएच-40-बी वाय 4644 से अपने घर भंसाली टाकली जा रहे थे तभी अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, इस भयानक हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सदर घटना में ट्रक क्रमांक एमएच-40-सीडी-4545 यह सावली रेत डिपो से खापरखेड़ा मुख्य बाजार के रास्ते रेत से भरा अमरावती की ओर जा रहा था. इसी दौरान मुख्य बाजार खापरखेड़ा के चेमरीगेट के सामने ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में जयकृष्ण स्कूटी लेकर ट्रक के पीछे के चक्के में आ गया।

इस समय, ट्रक ने मृतक जयकृष्ण को लगभग 25 फीट तक घसीटते हुए ले गया। इससे मृतक जयकृष्ण का सिर की खोपड़ी निकलकर मेंदू चितडे उडे। इस समय सड़क के दोनों ओर नागरिकों एवं वाहनों की भीड़ लगी थी.घटना की जानकारी हवा की तरह फैल गई। पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार कतलाम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल पर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल नागपुर भेज दिया गया। सूत्रों ने बताया कि उक्त ट्रक राहुल मिश्र नांदा का बताया जा रहा है। पता चला है कि मृतक को पत्नी और दो बच्चे हैं और उसकी भंसाली टाकली में किराना दुकान भी है।





### खापरखेड़ा रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर कब बनेगा?

खापरखेड़ा क्षेत्र से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 247 जबलपुर-छिंदवाड़ा राजमार्ग से जुड़ा है, इसलिए इस मार्ग पर छोटे और भारी वाहनों का निरंतर आवागमन होता है और ब्रॉड गेज रेलवे क्रॉसिंग भी है। रेलवे क्रॉसिंग खुलने पर वाहन तेज गति से चलते हैं। इसके चलते मुख्य बाजार में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इस रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर की कई बार मांग की गई, लेकिन इसे अनसुना कर दिया जा रहा।

### > स्कूटी चालक की घटनास्थल पर ही हुई मौत

### मुख्य बाजार में फुटपाथ पर अतिक्रमण

खापरखेड़ा मुख्य बाजारपेठ है, इस क्षेत्र से प्रतिदिन छात्र, कर्मचारी, किसान और आम नागरिक आते-जाते हैं, लेकिन फुटपाथ पर दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण उन्हें सड़क का सहारा लेना पड़ता है। बाजार, बैंक, रेडीमेड कपड़ा दुकान, होटल आदि क्षेत्र में पार्किंग की सुविधा नहीं है. जिससे हादसों का सिलसिला और बढ़ गया है.

# विधायक देशमुख ने सरकारी अधिकारियों के साथ की बैठक

### > रुके विकास कार्य का लिया जायजा

**कमलेश्वर.**

कमलेश्वर सावनेर विधानसभा क्षेत्र में सभी शासकीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की जिसमें रुके कार्यों को जल्द शुरू करने के आदेश दिए गए।

सावनेर कमलेश्वर विधानसभा सीट से महायुति के उम्मीदवार आशीष देशमुख के चुनाव जीतने के बाद देशमुख ने सभी उपविभागीय अंतर्गत आने वाले सावनेर कलमेश्वर तालुका के विविध 32, शासकीय विभागों के प्रमुख अधिकारियों की एक बैठक का 10, दिसंबर तहसील कार्यालय सावनेर में आयोजन किया गया।

आशीष देशमुख ने इस बैठक में सभी विभागों के किए गए कामों की और जो कार्य प्रलंबित हैं उन कामों की भी जानकारी ली, और सभी तहसीलों में तेज गति से कार्यों की शुरुआत सूचना दी गई। पिछले 30, सालो से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य की दृष्टि से शून्य रहा और कमजोर रहा। देशमुख अपने विधानसभा क्षेत्र में सर्वांगीण विकास कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। और नई अनेक योजनाओं को नागरिकों के सामने लाने का वादा किया। आमदार पद की शपथ लेने के बाद उनकी पहली बैठक हुई उन्होंने अपने चुनाव में दिए गए नारे को फिर एक बार दोहराया दमदार कामगार, आम जनता का नेता बन कर नागरिकों को उनके कार्यों को करना हे।



# बांग्लादेश नरसंहार के निषेधार्थ मोर्चा

**उमरेड.**

बांग्लादेश में जारी हिंदुओं के नरसंहार और प्रताड़ना के विरोध में सकल हिंदू समाज की ओर से निषेधार्थ मोर्चा का आयोजन किया गया. मोर्चे का प्रारंभ श्रीराम टॉकीज परिसर स्थित हनुमान मंदिर से हुआ. मोर्चा मेन रोड होते हुए भिसी नाका चौक पहुंचा यहां मोर्चा सभा में रुपांतरित हो गया. प्रस्तावना रोहित कारू ने रखी. वक्ताओं ने समयोचित भाषण किया.

इसके बाद तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार मनोहर चव्हाण को ज्ञापन सौंपा गया. पूर्व विधायक द्वय सुधीर पारवे, राजू पारवे, अनिल गोविंदानी, विजयलक्ष्मी भदौरिया, आनंदराव राऊत, अरुणा हजारे, सुभाष कावटे, कृष्ण कुमार मिश्रा, रुमित राहाटे, सतीश चौधरी, दिलीप सोनटक्के, डॉ. मुकेश मुदगल, प्रदीप चिंदमवार आदि उपस्थित थे.

# आशीष देशमुख की समीक्षा बैठक संपन्न

### > किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**सावनेर.**

हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने वाले सावनेर-कमलेश्वर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने 10 दिसंबर को सावनेर तहसील कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य मुद्दा केलवद यात्रा के दौरान किसानों को टोल गेट की वजह से हो रही परेशानियों का रहा। किसानों को अपने कृषि सामान को टोल गेट पार ले जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि टोल गेट पर लगाए गए प्रतिबंध किसानों के हित में नहीं हैं और इन्हें तुरंत हटाया जाए। इसके अलावा, नागपुर-छिंदवाड़ा राजमार्ग पर 22 किमी की दूरी पर मौजूद दो टोल प्लाजा की समस्या को भी उठाया गया। उन्होंने पटनासावंगी टोल नाका को स्थानांतरित करने का आदेश दिया और क्षेत्रीय किसानों एवं स्थानीय लोगों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में सावनेर उपविभागीय अधिकारी संपत खलाटे, तहसीलदार रवींद्र होली, डॉ. राजीव पोतदार, मनोहर कुम्भारे, रामराव मोवाडे, एडवोकेट अरविंद लोधी, मंदार मंगळे, अशोक धोटे, एडवोकेट प्रकाश टेकाडे, सोनू नवधींगे, रोहित मुसळे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ. देशमुख ने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।



# प्रशासन, पुलिस ने और निर्माणाधीन अवैध मकानों को किया ध्वस्त

**कामठी.**

शहर के न्यू जेपी नगर में नगर परिषद ने बिना अनुमति के बनाई जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की है. नगर परिषद के मुख्याधिकारी संदीप बोरकर, टैक्स विभाग अधिकारी प्रदीप भोकरे के निर्देशानुर प्रशासनिक व वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा लगभग 18 निर्माणाधीन मकानों को जेसीबी चलाकर तोड़ दिया गया. दरअसल, न्यू जेपी नगर इलाके में बिना अनुमति के कॉलोनी विकसित की जा रही थी. जबकि मुख्याधिकारी संदीप बोरकर ने बताया कि काफी सालों से नगर परिषद अवैध निर्माण को हटाने के लिए नोटिस दे रही थी. वहीं, कार्रवाई के दौरान कई लोगों ने इसका विरोध भी किया. लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला. यहां मौजूद कई महिलाओं का कहना था कि उनके घर में पूरा सामान रखा हुआ है. ऐसे में अचानक इस तरह की कार्रवाई से उनकी गृहस्थी का सामान नष्ट हो जाएगा. इसे नगर प्रशासन ने ध्वस्त करने की कार्रवाई की. लगभग 18 मकानों को जमींदोज किया गया. इस दौरान किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस जवान भी तैनात रहे.



# एक्सिस बैंक को वित्त वर्ष 26 में 7% वृद्धि की उम्मीद

**नागपुर.**

एक्सिस बैंक के चीफ इकोनॉमिस्ट नीलकंठ मिश्रा ने वित्त वर्ष 26 में आम सहमति से ऊपर 7% की वृद्धि का अनुमान लगाते हुए कहा कि पूंजी निर्माण में घरेलू अर्थव्यवस्था को समर्थन मिला है, वित्त वर्ष 25 में पिछली तिमाही के वित्तीय व्यय से मिली मदद, सीआरआर में कटौती और संभावित रूप से आगे की मैक्रो-प्रूडेंशियल सहजता से ऋण वृद्धि को पुनर्जीवित करने में मदद मिली है. बैंक की इंडिया इकोनॉमिक एंड मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में मिश्रा और सह-लेखक प्रतीक अंचा, तनय दलाल, पुलकित कपूर और स्मृति मेहरा ने व्यापार में वैश्विक अनिश्चितता, उच्च ब्याज दरों, चीन में धीमी वृद्धि और अपस्फीति के जोखिम और मुद्रा में अस्थिरता पर प्रकाश डाला है. हालांकि, उनका मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था के 7% की प्रवृत्ति वृद्धि दर पर वापस आने के प्रमुख चालक स्थानीय बने हुए हैं.




# बंद नाली को किया पूर्ववत

### > झोपड़ी वासियों ने जताया आभार

**सावनेर.**

सटवामाता झोपड़पट्टी की वर्षों से बंद पड़ी गटर नाली को युवक जागृति मंडल के कार्यकर्ताओं ने तीन दिनों की कड़ी मेहनत के बाद पूर्ववत कर दिया। इस उपक्रम से झोपड़पट्टी वासियों को बड़ी राहत मिली है। युवक जागृति मंडल के अध्यक्ष सुधाकर बागडे के मार्गदर्शन में मंडल के कार्यकर्ताओं लकी पाटील, सागर मेश्राम और अन्य सदस्यों ने इस समस्या का समाधान किया। झोपड़पट्टी के निवासी विक्की शेडे, मुन्ना भाई कबाड़ी वाले, राजेश बड़काने, अमित गायकवाड़, अभिषेक दास, बिरोला आकाश ढोके, बाल्या मानवटकर, समीर शेख, आंचल सराठे, और कांताताई तवले ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



करीब 25 मकानों की गटर का गंदा पानी वर्षों से नाली बंद होने के कारण सड़कों पर बह रहा था। मोहल्ले वालों ने इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद से कई बार गुहार लगाई, लेकिन तकनीकी खामी का समाधान न होने के चलते समस्या बनी रही। गंदे पानी के कारण स्थानीय लोगों को बीमारियों का सामना करना पड़ रहा था। कार्यकर्ताओं के इस अनूठे प्रयास की नगर परिषद के स्वास्थ्य विभाग प्रमुख धीरज देशमुख और भाजपा नेता रामराव मोवाडे ने भी सराहना की।

# 33 साल बाद मिले 10वीं कक्षा के छात्र



**नागपुर.**

न्यू इंग्लिश हाई स्कूल वर्धा में वर्ष 1992 में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत सहपाठियों का मित्रता समारोह विद्यालय में ही मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष वर्तमान प्राचार्य अंनघा अगवन मैडम थीं, उप-प्राचार्य जुगनाके सर की उपस्थिति में 10 वी कक्षा के वर्ग शिक्षक सेवानिवृत्त नगरारे सर इनको शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का सूत्रसंचालन लतिका पंचभाई ने किया माजी विद्यार्थी ने कार्यक्रम में पुराना यादों को साजा किया और हमारे सहपाठियों को श्रद्धांजलि दी गई जो अब जीवित नहीं हैं

सबके चेहरों पर बहुत ख़ुशी थी, लेकिन हमारे जो सहपाठी अब जीवित नहीं हैं, वे उदास थे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मोहन हांडे अथक प्रयास किया। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूर्व छात्र गुजरात, मुंबई, पुणे और जिले के बाहर से आए थे.

# कर्मिस कॉलेज और इंडो जर्मन टूल रूम के बीच समझौता

### > छात्राओं को डिजाइन और विनिर्माण में मिलेगा प्रशिक्षण

**नागपुर.**

एमकेएसएसएस के कर्मिस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर विमेन, नागपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने इंडो जर्मन टूल रूम (आईजीटीआर), नागपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य छात्रों को डिजाइन और विनिर्माण के क्षेत्र में विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करना है।

आईजीटीआर, औरंगाबाद का एक सरकारी प्रशिक्षण उपकेंद्र है, जो तकनीकी और औद्योगिक कौशल विकास के लिए जाना जाता है। इस कार्यक्रम में आईजीटीआर से डॉ. इमरान और प्रो. शुभम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष, डीन और विभागीय शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन और समन्वय मैकेनिकल विभाग के प्रो. आदित्य कवडसकर ने किया।

प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर और मैकेनिकल विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश खेकाले के मार्गदर्शन और समर्थन से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस समझौते से छात्राओं को डिजाइन और विनिर्माण क्षेत्र में नए अवसर और कौशल हासिल करने का लाभ मिलेगा।



# वाड़ी थाने से आठवां मील परिसर तक स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

**वाड़ी.**

टुगेदर वी फाइट फाउंडेशन द्वारा वाडी पुलिस स्टेशन से आठवा मैल परिसर तक स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई।हालाँकि वाड़ी पुलिस स्टेशन से आठवाँ मैल तक राजमार्ग पर स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है, फिर भी संबंधित कार्यालय को इस बारे में सूचित किया जाना चाहिए। वाडी पुलिस स्टेशन से आठवा मैल तक राज्य राजमार्ग पर स्ट्रीट लाइटें नियमित रूप से बंद रहती हैं और चूंकि इस राज्य राजमार्ग पर निरंतर यातायात होता है, इसलिए दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

संबंधित विभाग को सूचित करने की अपील टुगेदर वी फाइट फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार वानखेडे,डायरेक्टर अमित कुमार गांधी ने वाडी पीआई राजेश तटकरे को ज्ञापन के माध्यम से सूचित किया गया।

# होमगार्ड ने सफाई कर मनाया वर्धापन दिन



**कामठी.**

परिमंडल क्र. 5 में पुलिस के साथ मिलकर निस्वार्थ सेवा देनेवाले होमगार्ड सैनिकों ने उत्साह से 78 वा होमगार्ड 'वर्धापनदिन' तहसील कार्यालय परिसर में सफाई कार्य कर मनाया. सर्व प्रथम तहसील कार्यालय स्थित प्रांगण में 70 पुरुष, 35 महिला कुल 105 सैनिकों ने परिमंडळ 5 अधिकारी प्रदीप नागपुरे की उपस्थिति में परेड मार्च कर, उन्हे रिपोर्टिंग दी. तत्पश्चात प्रदीप नागपुरे ने उपस्थित सैनिको को निस्वार्थ भाव से कर्तव्य बजाने का मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक तथा ज़िला समादेशक अधिकारी रमेश धुमाल, केन्द्र नायक राजकुमार मासुरकर, देविदास भलमे, प्रशासकीय अधिकारी अनिल यादव, मस्के, और ईखार के मार्गदर्शन में 78 वा वर्धापन दिन मनाया गया.

उपरोक्त कार्यक्रम में परिमंडळ 5 के समादेशक प्रदीप नागपुरे, शुभम सोनी, योगेश शामकुवर, सुबोध चांदोरकर, रूपचंद कावळे, अमित यादव, प्रकाश हटवार, महिला सैनिक निशा गणेर, निशा डोंगरे, हंसकला मोटघरे तथा परिमंडळ के अन्य पुरुष व महिला सैनिक शामिल हुए.

# रबी फसल बीमा की अंतिम तारीख 15 दिसंबर तक

**कामठी.**

खरीफ फसल के कटाई के बाद रबी फसलों की बोनी प्रारंभ हो चुकी है. जिसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, कीट व्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान में वित्तीय सहायता के लिए 15 दिसम्बर तक फसलों को बीमा करा सकते हैं.

ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, येरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच सरिता रंगारी, भीलगांव ग्राम पंचायत सरपंच भावना चंद्रकांत फलके ने उपरोक्त वक्तव्य व्यक्त करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत ऋणी व अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं. उन्होंने आवश्यक दस्तावेज के बारे में बताया कि ऋणी किसानों का बीमा संबंधित बैंक, सहकारी समिति द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाएगा.

उन्हें केवल घोषणा एवं बुवाई प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. अऋणी किसानों को बैंक, सहकारी समिति एवं लोक सेवा केन्द्र में बीमा प्रस्ताव फार्म, 7/12, 8अ, मोबाइल नं से लिंक आधार कार्ड , बैंक पासबुक, भू-स्वामित्व साक्ष्य (बी-1 पांचसाला)/किराएदार/साझेदार किसान का दस्तावेज प्रदान कर बीमा करा सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए कृषि सहायक कु. मीनाक्षी राठौड़ से मो 7775814069 पर संपर्क किया जा सकता है.



### > आधार कार्ड अनिवार्य: साबरे, रंगारी, फलके

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ सकल हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन

**कामठी.**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर पूरे देश में आक्रोश है. वहीं कामठी बस्ती में भी आज मंगलवार को सकल हिन्दू समाज के बैनर तले हिंदू सदस्यों ने जन आक्रोश रैली निकालकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विरोध जताया. सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठे हुए और पैदल मार्च तहसील कार्यालय पहुंचे.

तहसीलदार गणेश जगदाले के माध्यम से सकल हिन्दू समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाए जाने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है. सकल हिन्दू समाज के युवा नेता बंटी पिल्ले ने कहा कि बांग्लादेश में जिस तरीके से हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है और पूरा विश्व मौन है. उन्हें बताने और जगाने का हम लोगों ने प्रयास किया है. साथ ही सारा विश्व एक हो और हिंदुओं के साथ जो नीचता की पराकाष्ठा पार की जा रही है. उस पर तत्काल रोक लगाई जाए और कड़ी कार्रवाई की जाए. ज्ञापन के माध्यम से बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी व महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार की ओर अवगत कराया गया. बांग्लादेश के अंदर जिस प्रकार से हिंदू संस्कृति के मानबिंदुओं हिंदू देवालयों पर लक्षित हमले हो रहे हैं. वह अत्यंत चिंताजनक है. उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को बांग्लादेश सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना, उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक, अमानवीय व हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है. एक बड़े हिंदू समुदाय का इस प्रकार का उत्पीड़न पूरा विश्व सारे पड़ोसी देश व भारत सरकार सिर्फ देखते रहें और कुछ भी कार्रवाई नहीं करें यह हिंदुओं को कतई स्वीकार नहीं है.

ज्ञापन के माध्यम से निवेदन के साथ यह मांग किया है कि भारत सरकार की अग्रणी भूमिका में विश्व समुदाय इन सब घटनाओं को अपने संज्ञान में लेते हुए बांग्लादेश सरकार के ऊपर दबाव बनायें. साथ ही हिंदुओं के ऊपर उत्पीड़न व अत्याचार एवं देवालयों को सुरक्षित करके निशाना बनाए जाने की घटनाओं को तत्काल रोकें. वहीं तुरंत प्रभाव से इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु जी की तत्काल रिहाई की जाए. साथ ही किसी भी हिंदू नेता, हिंदू पुजारी,हिंदू संत,धार्मिक गुरु का उत्पीड़न व गिरफ्तार करने की कार्रवाई बंद हो. ज्ञापन सौंपते समय सकल हिन्दू समाज के मुकेश चकोले, देवेंद्र पिल्ले, चंदन वर्णम, आकाश भोगे, महेश सावरकर, संजय वाशीमकर, सागर लिंबाचिया, यश जलवानिया, निकेश टेकाडे, जगदीश मोहबे, अजय शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे.



# तेज रफ्तार ट्रैवल्स ने महिला को रौंदा, मौके पर ही मौत

> तीन घंटे तक यातायात प्रभावित
> कुछ समय तक रहा तनाव का माहौल

**समुद्रपुर.**



तहसील के नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 44 पर शेड़गांव चौरस्ता में नागपुर से तेज गति से आनेवाले निजी ट्रैवल्स ने सड़क से पैदल जा रही महिला को रौंद दिया। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के परिसर में अचानक लोगों की भीड़ इकठ्ठा होने लगी जिसस यातायात बूरी तरह से प्रभावित हो गई। साथ ही लोगों ने रोष व्यक्त करने से कुछ समय तक परिसर में तनाव का माहौल रहा। घटना बुधवार, 11 दिसंबर की सुबह साढ़े 8 बजे के दौरान हुई। मृतक का नाम हलदगांव निवासी सुधा माणिक झाड़े (55) है।

मिली जानकारी के अनुसार हलदगांव निवासी माणिकराव झाडे शेड़गांव चौरस्ता पर पुल के काम में सिक्युरिटी गार्ड के तौर पर कार्यरत है। जिससे बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे उनकी पत्नी सुधा झाडे भोजन का टिफीन पति को देकर गांव की ओर जाने के लिए निकली। इस दौरान नागपुर से चंद्रपुर की ओर जाने वाली ट्रैवल्स क्रमांक एमएच 49 जे 8516 ने उन्हें टक्कर मारी। जिससे सुधा झाडे ट्रैवल्स के सामने के पहिये के नीचे आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही समुद्रपुर पुलिस थाना के थानेदार संतोष शेगांवकर, गिरड पुलिस थाना के थानेदार संदीप गाडे, पीएसआई चेतन टेंभुर्णे, पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद परिसर में तनाव का माहौल निर्माण हुआ। जिससे वर्धा से आरसीपी व दंगल पथक को बुलाया गया। घटना की गंभीरता को समझते हुए उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित मौके पर पहुंचे। उनके मार्गदर्शन में लोगों को शांत कर यातायात सुचारु की गई।

### शव को उठाने से किया इंकार

बता दे कि, घटना के बाद परिजन तथा गांव के नागरिक रोष में आ गए। उन्होंने शव नहीं उठाने की भूमिका ली। जिससे परिसर में तनाव का माहौल निर्माण हुआ। यातायात प्रभावित होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लगी रही। करीब तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। अंतत: थानेदार संतोष शेगांवकर ने मृतक के रिश्तेदारों को समझाया तथा शव पोस्टमार्टम के लिए समुद्रपुर स्थित ग्रामीण अस्पताल में ले गए। जिसके बाद प्रभावित यातायात सुचारु की गई। आगे की जांच समुद्रपुर पुलिस कर रही हैं।

# पांच दिनों तक चला वार्ड स्वच्छता अभियान

**गोंदिया.**



शहर के प्रभाग क्रमांक 17 में नववर्ष के पूर्व लगातार पांच दिनों तक वार्ड स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में अलग–अलग टीम बनाकर नालों, नालियों की सफाई कर वार्ड में इधर उधर पड़े मलबे को उठाया गया। इस समय नगर परिषद की पूर्व शिक्षा सभापति निर्मला मिश्रा के प्रतिनिधि विक्रांत मिश्रा उपस्थित थे। विगत कुछ दिनों से वार्ड में मकानों का निर्माण कार्य बड़ी संख्या में किया जा रहा है। जिसकी वजह से मकान निर्माण में निकले मलबे को मार्ग किनारे एवं मकानों के पीछे स्थित छोटी गलियों में फेंका जा रहा है। ऐसे में गलियों की नालियों में भी मलबा जमा हो गया है। जिसके कारण नालियों का पानी प्रवाहित नहीं हो पा रहा है। उसी प्रकार बड़े नालों में बड़े पैमाने पर गाद जमा हो गई थी। जिसके कारण आस पड़ोस में रहने वाले नागरिकों को बदबूदार वातावरण का सामना करना पड़ रहा था। नागरिकों की समस्या को गंभीरता से लेकर प्रभाग क्रमांक 17 में निर्मला मिश्रा के मार्गदर्शन में पांच दिनों तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। उनके प्रतिनिधि विक्रांत मिश्रा ने स्वयं अपनी मौजूदगी में स्वच्छता कर्मियों की मदद से नालों, नालियों की सफाई कराई। साथ ही गलियों में इधर उधर पड़े मलबे को उठाया। उन्होंने वार्ड के नागरिकों से आव्हान किया कि मकान निर्माण में निकलने वाले मलबे को मकानों के पीछे की गलियों में न फेंके।

# स्वामी सत्यभक्त गुण गौरव समारोह सम्पन्न



**बोरगांव.**

बोरगांव मेघे स्थित सत्तेश्वर सभागृह में 10 दिसंबर को सार्वदेशिक सत्य समाज, लायंस क्लब वर्धा और सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी सत्यभक्त गुण गौरव पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश अंभोरे (कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग) ने समाज के नैतिक उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि जीवन में प्रगति के लिए परिश्रम और आशावादिता महत्वपूर्ण हैं।

अध्यक्षता सत्या श्रम मंडल के अमोलकचंद जैन ने की। इमरान राही, प्रवीण भल्ला, सुरेंद्र महांकालकर, विजय सत्यम और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर थानेदार पराग पोटे, शिवाजी चौधरी, कवयित्री नीता सिंह बैंस और लेखिका पूनम शाह को "स्वामी सत्यभक्त गुण गौरव पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम संचालन श्रद्धा संत और रेशमा थूल ने किया, जबकि आभार शबाना शेख ने व्यक्त किया।

# बिजली के तारों से निकली चिंगारी से धान के ढेर खाक

**गोंदिया.** गोंदिया तहसील के ग्राम वड़ेगांव में दो किसान भाइयों द्वारा खरीप मौसम का धान काटकर अपने खेतों में चुराई के लिए रखा गया था। लेकिन अचानक हुए शॉट-सर्किट से धान के ढेरों में लगी आग से में किसानों का लाखों रुपए का धान जलकर खाक हो गया।

घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम वडेगांव निवासी किसान योगराज रूपचंद पाचे, रमेश रूपचंद पाचे इन दोनों भाईयों ने अपने खेत में लगाया गया धान काटकर चुराई के लिए खेत में ही ढेर बनाकर रख दिया था।

लेकिन ढेरों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन में 8 दिसंबर को अचानक शॉट-सर्किट होने से दोनों का तीन एकड़ में लगाया गया सारा धान जलकर खाक हो गया।

# ठंड बढ़ी, लेकिन कम नहीं हुए सब्जियों के दाम

> सब्जियों की आवक बढ़ी कीमत में कोई गिरावट नहीं

**गोंदिया.**



जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती जा रही है, सब्जियों की कीमत भी आसमान पर पहुंच रही हैं. सर्दी में सब्जियों की आवक बढ़ने से कीमतों में कमी आने की उम्मीद है. लेकिन इस वर्ष स्थिति विपरीत है. बाजार में एक भी सब्जी पहुंच के भीतर नहीं दिखाई दे रही है. इस वर्ष जिले में अच्छी बारिश हुई है. जिससे किसानों को पानी की कमी नहीं होती है. उल्लेखनीय है कि जिले के किसान अब सब्जी की खेती की ओर रुख कर रहे हैं. इसके अलावा क्षेत्रों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी मात्रा में सब्जियां आयात की जाती हैं. क्योंकि सर्दियों में सभी सब्जियों का उत्पादन और आयात बड़ी मात्रा में किया जाता है, इसलिए सर्दियों में सभी सब्जियों के स्वाद का आनंद लिया जा सकता है. अब जब सर्दी आ गई है तो सब्जियों की आवक भी बढ़ गई है. ऐसे में सब्जियां सस्ती होने की उम्मीद है. लेकिन, इस साल स्थिति अलग है और सभी सब्जियां बहुत महंगी हैं. कुछ महीने पहले भारी बारिश से खेतों में पानी भर गया. कटाई नहीं होने से सब्जियां खेत में ही खराब हो गईं. उसके बाद, किसानों ने नई सब्जी की फसलें लगाईं. अब जैसे ही बड़ी मात्रा में सब्जियों की आवक शुरू हुई तो दाम कम हो गए. इसमें और कमी आने की संभावना है. दो-ढाई माह से नवंबर के तीसरे सप्ताह तक सब्जियां महंगी थीं. भारी बारिश के कारण ज्यादातर सब्जियां खेत में ही खराब हो गईं. अब दूसरे बागान की उपज बाजार में आने के बाद कीमतें कम हो गई है. इस साल भारी बारिश के कारण अगस्त से नागरिकों को ऊंचे दामों पर सब्जियां खरीदनी पड़ीं. सब्जियों की आवक शुरू होते ही दाम कम होने की आशंका थी. लेकिन आवक बढ़ने के बावजूद कोई फायदा नहीं हुआ. ग्राहकों ने अनुभव किया है कि नवंबर से सब्जियों की कीमत कम होती है. लेकिन इस साल ऐसी स्थिति देखने को नहीं मिल रही है. सभी सब्जियां ग्राहकों की पहुंच से बाहर हो गई हैं. सब्जियों के दाम टमाटर 60 रु. किलो, हरी मिर्च 80, धनिया 160, फूलगोभी 60, पत्ता गोभी 60, ढेमस 80, करेला 80, भेंडी 80, चौलाई फल्ली 80, परवल 120, बीन्स 80, फनस 100, मटर 80, अरहर की फली 100, गाजर 100, खीरा 40, प्याज 70. लहसुन 560. शिमला मिर्च 80 रु. किलो है.

# सारस परिवार में आया नया मेहमान



**गोंदिया.**

कुछ साल पहले जिले में सारस के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने का काम तत्कालीन जिलाधिकारी अभिमन्यु काले के कार्यकाल में किया गया था। उसके बाद पर्यटन विकास की उपेक्षा की गई। इसके अलावा तहसील के झिलमिली, परसवाड़ा में सारस की यदि संख्या लगातार बढ़ रही है। इन गांवों को राजाश्रय मिलता है तो की इस नये स्थान को पर्यटन दृष्टि से विकसित किया जा सकता है। जिले में कई महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल हैं, लेकिन अभी भी जिले में पर्याप्त पर्यटक नहीं आते हैं। का जिले में पर्यटक सुविधाओं अभाव बरकरार है। इसमें पर्यटन स्थलों के विकास की भी अनदेखी हो रही है, तो रोजगार के अवसर भी जिले में कम हो रहे हैं।

पूरे राज्य में केवल पूर्वी विदर्भ में गोंदिया, भंडारा, चंद्रपुर और निकटवर्ती राज्य मध्य प्रदेश में बालाघाट जिले ही सारस का घर है। सारस के जोड़े पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

गोंदिया तहसील पर गौर करें तो पर्यटन की दृष्टि से नागरा और कामठा धार्मिक स्थल हैं, लेकिन, कुछ सालों से सारस झिलमिली और परसवाड़ा के झील क्षेत्र में रह रहे हैं और इनकी संख्या भी बढ़ती जा रही है। आज सारसों की संख्या 7 से बढ़कर 8 हो गई है। इस क्षेत्र के विकास से सारस की संख्या में वृद्धि हो सकती है। इससे पर्यटकों की संख्या भी बढ़ सकती है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

# अठाली गांव में बाढ़ प्रभावित किसानों की शिकायतों का तुरंत समाधान करें: डॉ. पडोले

**भंडारा.**



भंडारा जिले के लाखांदूर के अठाली गांव के बाढ़ प्रभावित किसानों ने नुकसान के आकलन में अन्याय से नाराज होकर लाखांदूर तहसील कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना दिया. बाढ़ पीड़ितों के घर, फसल और सामान को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है. लेकिन किसानों ने भंडारा गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. प्रशांत पडोले से शिकायत की कि पंचनामा बनाते समय नुकसान प्रभावित किसानों के साथ अन्याय किया गया.

तहसीलदारों ने पंचनामा का निर्देश दिया, लेकिन जो सूचियां तैयार की गई, उनमें नुकसान झेलने वाले किसानों के नुकसान की जानकारी नहीं दिखाई गई किसानों ने कहा कि इस मामले की गहनता से जांच की जाए और प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए. उनके नुकसान के लिए उचित मुआवजा मिलने के लिए सांसद डॉ. प्रशांत पडोळे से मांग की. जिससे इस प्रकरण को दखल देते हुए तत्काल जांच बिठाकर कलेक्टर को इस मामले का संज्ञान लेने और किसानों को संतुष्ट करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए.

# केंद्र सरकार बांग्लादेश पर दबाव बनाकर रोके अत्याचार

**गोंदिया.**




एक माह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा बढ़ गई है। हिंदुओं पर निरंतर हमले किए जा रहे हैं। जिसकी वजह से संपूर्ण देश में तीव्र रोष व्याप्त है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ गोंदिया में सकल हिंदू समाज की ओर से 10 दिसंबर को मोटर साइकिल रैली निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। बांग्लादेश के हिंदू, बौद्ध, जैन एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले, उनकी हत्या एवं उत्पीड़न के खिलाफ सकल हिंदू समाज ने शहर के जयस्तंभ चौक से बाइक रैली निकाली। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंची। इसके बाद विविध मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को भेजा गया। सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस्कॉन एवं आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने वर्ष 1971 के अकाल में लाखों बांग्लादेशी

नागरिकों को चार माह तक भोजनदान किया। इसी इस्कॉन के चिन्मय दास प्रभु को बांग्लादेश पुलिस ने राष्ट्रद्रोह के आरोप में गिरफ्तार उन्हें कानूनी मदद न मिले, इसके लिए उनके वकील की हत्या कर दी गई। बांग्लादेश में अराजकता फैलाकर अल्पसंख्यकों पर अन्याय तथा अत्याचार किया जा रहा है। इसके खिलाफ शहर में 22 सितंबर को भव्य रैली निकालकर विविध मांगों का ज्ञापन केंद्र सरकार को भेजा गया था। इस पर भी सरकार द्वारा उचित कदम नहीं उठाए गए। केंद्र सरकार द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ कदम उठाए जाएं, बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर वहां के हिंदू व अल्पसंख्यकों की रक्षा की जाए। इसके लिए शहर के प्रमुख मार्गों से बाइक रैली निकाली गई। इस रैली में देवेश मिश्रा, हरीश आग्रवाल, सचिन मिश्रा, सुनील तिवारी, प्रीतम लिलहारे, वरिंद्र बिसेन, विनोद हरीणखेडे, नितीन जिंदल, ओमप्रकाश मेठी, देवा यादव, लालू शर्मा, जय चौरसिया, मुन्ना उरकुडे, राजू जैन, तिलक लारोकर, तोलाराम मनकानी, दयानंद आसवानी, अजय यादव, दिलीप चांदवानी, विनायक गजघाट आदि उपस्थित थे।

# अदाणी समूह के वित्तीय घोटाले की जेपीसी जांच हो

**गोंदिया.**

अदाणी समूह पर लगे वित्तीय घोटाले की संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग को लेकर 10 दिसंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से घोषित किए गए राज्यव्यापी आंदोलन के तहत गोंदिया जिला भाकपा द्वारा स्थानीय उपविभागीय कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। उसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित अपनी मांगों का ज्ञापन तहसीलदार समशेर पठान को सौंपा

गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि अदाणी समूह के शेयर घोटाले, सौर ऊर्जा घोटाले एवं अन्य वित्तीय घोटालों की निष्पक्ष जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया जाना चाहिए। साथ ही सेबी एवं मंत्रालय के उच्च अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। अदानी समूह पर 230 मिलियन डॉलर की भारत में रिश्वतखोरी के आरोप में अमेरिकी अदालत में मामला दर्ज किया गया है।

जिसकी संयुक्त संसदीय समिति से जांच की जानी चाहिए। इसके अलावा मणिपुर राज्य में हिंसा पर लगाम लगाने और राज्य के मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह के इस्तीफे की मांग भी भी की गई।

विरोध प्रदर्शन में भाकपा नेता हौसलाल रहांगडाले, मिलिंद गणवीर, रामचंद्र पाटील, करुणा गणवीर, प्रल्हाद उके, शेखर कनौजिया, परेश दुरूगवार, कल्पना डोंगरे, गुणवंत नाईक, जितेंद्र गजभिये, बाबुराव राऊत, सुरेश रंगारी, चैतराम दियेवार, रायबाई मारगाये. इजराईल भाई उपस्थित थे।

# पौना में तीन दिवसीय धम्म ज्योत महोत्सव संपन्न



**लाखांदूर.**

आनंद बौद्ध विहार, पौना में बुद्धिस्ट सोसायटी और रमाई महिला मंडल के तत्वावधान में छठा तीन दिवसीय धम्म ज्योत महोत्सव का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि पूज्य भदंत धम्म सारथी ने धम्मदीक्षा देकर प्रमाण पत्र वितरित किए और बौद्ध संस्कृति अपनाने का मार्गदर्शन दिया। भंते राहुल बोधी ने धम्म देशना से नई सामाजिक चेतना का संचार किया। मानवाधिकार संरक्षण मंच नागपुर के सचिव आशीष फुलझेले ने छात्रों की समस्याओं और उनके समाधान पर मार्गदर्शन दिया। हिंगणा तालुका के महेश वासनिक ने बौद्ध विहार समितियों को मजबूत करने और अंबेडकरी आंदोलन को गति देने की अपील की। कार्यक्रम में समता सैनिक दल के प्रणय आदिकाणे और अन्य वक्ताओं ने युवाओं को संगठनों से जुड़ने का आह्वान किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक उपस्थित रहे।

# मध्याह्न भोजन से 49 विद्यार्थियों को विषबाधा, 36 अस्पताल में भर्ती

> वाघोली जिला परिषद प्राथमिक स्कूल का मामला
> जांच में एक्सपायर निकला खाद्य तेल,

**हिंगनघाट.**



स्कूल में दिये जाने वाले मध्याह्न भोजन से 49 विद्यार्थियों को विषबाधा होने का मामला तहसील के वाघोली स्थित जिला परिषद प्राथमिक स्कूल में सामने आया। एक के बाद एक सभी विद्यार्थियों को तकलीफ होने से उन्हें उप जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। जिनमें से 13 विद्यार्थियों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं 36 विद्यार्थियों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार वाघोली जिला परिषद प्राथमिक स्कूल में विद्यार्थियों को मंगलवार को हमेशा की तरह पोषण आहार दिया गया। सुबह व दोपहर सत्र के विद्यार्थियों के लिए हमेशा की तरह खिचड़ी पकाई गई। परंतु शाम होते-होते बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद बच्चों में उल्टी, जी मचलाना और बुखार जैसे लक्षण दिखाई दिए। जिससे स्कूल प्रबंधन पूरी तरह से डर गया। एक के बाद एक बच्चे को हिंगनघाट उप जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। करीब 49 बच्चों को विषबाधा होने से अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद 15 बच्चों को छुट्टी दे दी गई। वहीं 34 बच्चों को भर्ती किया गया। वहीं बुधवार की सुबह फिर दो बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक 36 विद्यार्थियों पर अस्पताल में इलाज जारी था। बताया जाता है कि बच्चों द्वारा खाए गए खाद्य पदार्थों की जांच के बाद ही विषबाधा का कारण स्पष्ट होगा।

**जांच में एक्सपायर मिला खाद्य तेल**

एकसाथ इतने बड़े प्रमाण में बच्चों को विषबाधा होने से शिक्षा विभाग में हडकम्प मच गया। इस दौरान शालेय पोषण आहार अधीक्षक अशोक कोड़ापे, हिंगणघाट के गटशिक्षाधिकारी अल्का सोनवणे व टीम ने स्कूल में जाकर जांच-पड़ताल की। खिचड़ी पकाने के लिए इस्तेमाल होनेवाला खाद्यतेल एक्सपायर पाया गया। वहीं अनाज में भी कीटक पाए गए। अनाज व खाद्य तेल जब्त कर सैम्पल लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे। जिसकी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएंगी। तत्पश्चात ही इस प्रकरण में आगे की कार्रवाई तय होगी। जिप सीईओ व विधायक समीर कुणावार की अस्पताल में भेंट घटना की जानकारी मिलते ही बुधवार, 11 दिसंबर को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितीन रहमान व विधायक समीर कुणावार ने भेंट दी। उन्होंने बच्चों के प्रकृति की जांच कर पूछताछ की।

# नवेगांवबांध में नजर आई दुर्लभ ल्यूना मॉथ प्रजाति की तितली

**नवेगांवबांध.**



गोंदिया जिले के नवेगांवबांध परिसर में ल्यूना मॉथ प्रजाति की बहुत ही आकर्षक तितली दिखाई दी है। जिससे पक्षी प्रेमियों में खुशी देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि उक्त प्रजाति की तितलियों का अधिवास बोर व्याघ्र प्रकल्प है। जैव विविधता से परिपूर्ण नवेगांवबांध राष्ट्रीय उद्यान, नवेगांव-नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प के आरक्षित जंगल के साथ ही कोर जोन में ल्यूना माँथ का अस्तित्व देखा गया है। ल्यूना मॉथ प्रजाति की तितली अल्पकालिक होती है। इसके जीवन का एकमात्र उद्देश्य प्रजनन करना होता है। तितली के शरीर पर कैटरपिलर पत्तियों की तरह दिखते हैं। तितलियों के पंखों पर आंखों के चार धब्बे शिकारियों को भ्रमित करते हैं। अन्य तितलियों की तरह यह तितली आहार नहीं लेती। क्योंकि उनके पास पाचन तंत्र नहीं होता। ल्यूना मॉथ निशाचार प्रजाति की तितली को एक्टियास लूना भी कहा जाता है।

नवंबर से दिसंबर माह में बड़े पैमाने पर तितलियां, कीटक यहां के कोर जोन के साथ ही नवेगांवबांध राष्ट्रीय उद्यान व नवेगांव- नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प के अभयारण्य क्षेत्र में नजर आते हैं। लेकिन ल्यूना मॉथ प्रजाति की तितली काफी कम ही दिखाई देती है। यह रात को उड़ती है। इस तितली को लंबी पूंछ है। इनके पंख हल्के हरे रंग के होते हैं।

### सरकार की उपेक्षा: दिव्यांगजनों के प्रति उदासीनता

**लाखांदूर.** विश्व दिव्यांगजन दिवस और विश्व हिंसा विरोधी दिवस के अवसर पर विकास गंगा दिव्यांग एसोसिएशन और विदर्भ विकलांग संघ ने आशीर्वाद मंगल कार्यालय में एक संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें लखनादूर से 800 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों की उत्कृष्टता को सम्मानित किया गया और उन्हें संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।



दिल्ली/नागपुर. महाराष्ट्र के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर गडकरी ने उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।




नागपुर. ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की मदद का नेक कदम: एमआईएम खिदमत-ए-खल्क फाउंडेशन के नेतृत्व में मोहम्मद ज़फर सोलंकी ने गरीब बस्तियों में जाकर बच्चों को स्वेटर और बुजुर्गों को शॉल, कंबल, गर्म कपड़े वितरित किये।

# विधानसभा सत्र के दौरान खुदाई पर महावितरण की रोक

## वीवीआईपी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए की विशेष तैयारी

**नागपुर.**

नागपुर में आगामी 16 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से पहले और सत्र के दौरान किसी भी विभाग या नागरिकों द्वारा शहर में खुदाई न की जाए, यह अपील महावितरण की ओर से की गई है। यदि आपातकालीन परिस्थितियों में खुदाई करना आवश्यक हो, तो ऐसी खुदाई की महावितरण को पूर्व सूचना देने से होने वाली क्षति से बचा जा सकता है और ग्राहकों को भी कोई परेशानी नहीं होगी.

यह महावितरण की ओर से स्पष्ट किया गया है। नागपुर में हो रहे महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान शहर में बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित रखने के लिए महावितरण ने युद्धस्तर पर तैयारियां की हैं, और इसके लिए शहर की सभी विकास एजेंसियों से सहयोग की अपील भी की गई है। नागपुर शहर में मेट्रो, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पानी आपूर्ति, महानगरपालिका, दूरसंचार विभाग, निजी इंटरनेट और केबल टीवी कंपनियों जैसे कई विभागों द्वारा बड़े पैमाने पर विकास कार्य चल रहे हैं, जिनके तहत कई स्थानों पर बड़े-बड़े ड्रिल मशीनों से खुदाई की जा रही है। इस खुदाई के कारण महावितरण की भूमिगत बिजली वितरण प्रणाली को भारी नुकसान हो रहा है और साथ ही अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आजकल अधिकांश संस्थाएं विकासक या ठेकेदार के माध्यम से कार्य कर रही हैं, ताकि काम जल्दी पूरा हो सके। इस वजह से संबंधित ठेकेदार समन्वय करने से बचते हैं, जिससे विकास कार्यों के लिए खुदाई करने वाले ठेकेदारों, संबंधित संस्थाओं और नागरिकों से महावितरण ने अपील की है कि वे सत्र से पहले और सत्र के दौरान खुदाई न करें। इस बीच, विधानमंडल, राजभवन, रवि भवन, नाग भवन और अन्य क्षेत्रों में सत्र के दौरान बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महावितरण के मुख्य अभियंता दिलीप दोडके, अधीक्षक अभियंता अमित परांजपे और कार्यकारी अभियंते हेमराज ढोके और राजेश घाटोले ने विधान भवन परिसर और अन्य संबंधित उपकेंद्रों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।



### > निरंतर बिजली आपूर्ति के लिए महावितरण की वैकल्पिक व्यवस्था

शीतकालीन सत्र के दौरान वीवीआईपी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए महावितरण ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। एक लाइन में खराबी आने पर दूसरी लाइन से बिजली आपूर्ति करने का इंतजाम किया गया है। बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए कर्मचारी 24 घंटे काम करेंगे। विधानमंडल, जीरो माइल्स, राजभवन, रामगिरी, देवगिरी, रविभवन, नाग भवन, विधायक निवास, न्यू हैदराबाद हाउस, मुख्यमंत्री सचिवालय और 160 कमरे वाले गालों जैसे वीवीआईपी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निरंतर बनी रहे, इसके लिए बिजली व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं की देखभाल का काम पूरा किया गया है।

# विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन ने दी 2024 की विदाई

### गुलाब टीम अंताक्षरी प्रतियोगिता में विजेता




**नागपुर.** विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वाधान में सप्तरंग महिला चेतना मंच द्वारा आयोजित पाक्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 2024 साल की विदाई आकर्षक और रोचक अंताक्षरी के साथ की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री सुधा बेलेकर (प्रधान अध्यापिका, वाल्मीकि हिंदी महाविद्यालय), मधुलिका मधुप पांडेय, शगुफ़्ता यास्मीन काजी और रेशम मदान मंच पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत मीरा जोगलेकर द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। दीप प्रज्वलन और अतिथि सत्कार के बाद संयोजिका डॉ. स्वर्णिमा सिन्हा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अंताक्षरी प्रतियोगिता को अधिक रोचक बनाने के लिए छह टीमें बनाई गईं, जिनके नाम फूलों पर आधारित थे। टीम और प्रतिभागी: गुलाब टीम: मीरा जोगलेकर, उमा हरगन, ऋतु आसई, नंदिनी सुदामल, विधि ग्वालानी गेंदा फूल टीम: सुषमा अग्रवाल, संगीता कुमार, सुनीता राय, शुभांगी बाघ, रेणु मालवीय गुलमोहर टीम: सुषमा भांगे, पुष्पा पांडे, संतोष बूधराजा, किरण हटवार, कला व्यास कमल टीम: छवि चक्रवर्ती, भारती रावल, अमित शाह, अर्चना चौरसिया, अनीता गायकवाड़ चंपा टीम: इंदिरा किसलय, हेमलता मिश्रा मानवीय, नंदा बजीर, ममता विश्वकर्मा, नीता वर्मा मोगरा टीम: कृष्णा कपूर, रश्मि मिश्रा, अलका देशपांडे, निरंजना गांधी, जीगीशा शाह कार्यक्रम में अंताक्षरी के लिए अलग-अलग रोचक विषय चुने गए, जैसे मुखड़े का अंतिम अक्षर, गीत के गायक, नायक-नायिका आदि। पूरी प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने भी जमकर आनंद लिया। प्रतियोगिता के विजेता: गुलाब टीम ने पहला स्थान हासिल किया।गेंदा टीम दूसरे स्थान पर रही। गुलमोहर टीम तीसरे स्थान पर रही। मोगरा टीम को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विमलेश सूर्यवंशी और माया शर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में सूजाता दुबे ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# हज़रत बाबा भोला शाह का सालाना उर्स संपन्न



नागपुर. सज्जादानशीन शाह जफरुल्ला खान ताजी नियाज़ी की सरपरस्ती में आयोजित उर्स शरीफ के दौरान रोजाना लंगर का वितरण किया गया। इस अवसर पर नायब सज्जादानशीन मजहर उल्लाह खान नियाज़ी सहित इदरीस राजवानी, हाजी इरफान बनानी, हाजी शोएब खान, इरफान उल्लाह खान, गुलाम मोहसिन यासीन, अक्षय, अंकित, संजय, रिजवान खान, राजू भाई और सैयद जियाउद्दीन ने अपनी सेवाएं दीं।

# कॉर्पोरेट फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन



**नागपुर.** एमकेएसएसएस के कर्मिस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमेन, नागपुर के इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट इंटरेक्शन सेल द्वारा एक कॉर्पोरेट फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में कर्मिस और टाटा मोटर्स की टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का प्रयोजन एसडी डिसेल्स, संभाजीनगर द्वारा किया गया था। इस आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में वेंकट राय (ऑन-हाईवे-सर्विस हेड, कर्मिस) और मंजीत बोरा (आरएमएस, टाटा मोटर्स) उपस्थित रहे। दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों में अभय सिंह, पीयूष बारतत, जिनेंद्र गोखंडे, अमित नायक, रमेश बुद्धे, शशिकांत श्रीवास्तव, प्रणव बेलवलकर और नितिन येलाने ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कर्मिस कॉलेज के विद्यार्थियों ने मैच का भरपूर आनंद लिया और दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में स्थानीय प्रबंधन सदस्यों का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापुरकर के मार्गदर्शन में मैदान और पिच की तैयारी मुपासंडे, संकेत और प्रशांत द्वारा की गई। मैच का संचालन प्रो. आदित्य कवडसकर ने किया। यह आयोजन विद्यार्थियों और कॉर्पोरेट जगत के बीच सहयोग एवं समझ को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# वाहन चालक पर गिरा होर्डिंग

**नागपुर.**



कामठी रोड स्थित उड़ान पुल पर मंगलवार को नेता का होर्डिंग सिर पर गिरने से वाहन चालक डिवाइडर से भिड़ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। कपिल नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी। जख्मी की पहचान फिदाली फिदवी (63), गांधीबाग निवासी के रूप में हुई है जो कि व्यापारी है। जानकारी के अनुसार फिदाली फिदवी घटना वाले दिन सुबह 10.45 बजे दोपहिया वाहन (एम. एच.- 36-डब्ल्यू, -8852) पर एलआईसी चौक से कामठी की ओर उड़ान पुल से जा रहा था। इस दौरान अचानक हवा में उड़ता हुआ एक नेता का होर्डिंग उसके सिर पर आ गिरा और फिदाली फिदवी का वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा भिड़ा। उसे बेहोशी की हालत में राहगिरों ने अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना पुलिस को दी। कपिल नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी। हादसे में जख्मी फिदाली फिदवी के सिर का डॉक्टरों द्वारा परीक्षण में सिर की हड्डी टूटने से खून के थक्के बनने का खुलासा हुआ। फिदाली फिदवी की हालत नाजुक बनी हुई है। वरिष्ठ निरीक्षक महेश आंधले ने बताया कि, प्रारंभिक तौर पर होर्डिंग अवैध तरीके से लगाए जाने का पता चला है। होर्डिंग पर किसी यादव नामक व्यक्ति का नाम है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी पुलिस कर रही है।

### टायर चुराने वाला चोर लगा पुलिस के हाथ

**नागपुर.** पांच पावली पुलिस ने एक चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने ट्रक के पुराने टायर चुराए थे। जानकारी के अनुसार, 6 दिसंबर की रात करीब 9 बजे से अगले दिन सुबह 9 बजे के बीच अज्ञात चोर ने मोहम्मद रफी चौक स्थित जायसवाल रेस्टोरेंट के सामने गोविंद रोड लाइन ट्रांसपोर्ट कंपनी के ऑफिस से ट्रक के 12 जोड़ी पुराने टायर चुरा लिए थे। इन टायरों की कुल कीमत लगभग 60,000 थी। फरियादी प्रीतम सिंह जोगिंदर सिंह सैनी (49), जो कड़वी चौक निवासी हैं, ने इस घटना की शिकायत पांच पावली पुलिस थाने में दर्ज कराई।

# सातारा के मान्याचीवाडी को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

### 1 करोड़ रुपये की मिली निधि

**नागपुर.** केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में, सातारा जिले के मान्याचीवाडी गांव को ग्राम ऊर्जा स्वराज विशेष पंचायत पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस सम्मान के लिए महावितरण के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्र ने गांव के सरपंच रविंद्र माने को बधाई दी। यह पुरस्कार और एक करोड़ रुपये की निधि, बुधवार 11 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सरपंच रविंद्र माने ने नई दिल्ली में ग्रहण की। इस प्रतियोगिता में देशभर से 1 लाख 94 हजार ग्राम पंचायतों ने भाग लिया था, जिनमें से 45 ग्राम पंचायतों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इस पुरस्कार का चयन शाश्वत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में की गई सराहनीय कार्यों के आधार पर किया गया। सातारा जिले के पाटण तालुका स्थित मान्याचीवाडी, राज्य का पहला सौर ग्राम है। यहां के घरों, ग्राम पंचायत कार्यालय, स्कूल, स्ट्रीटलाइट्स, पानी की आपूर्ति योजना आदि की ऊर्जा की आवश्यकता पूरी तरह से सौर ऊर्जा द्वारा की जाती है। मान्याचीवाडी में सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन अगस्त में तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया था। महावितरण ने राज्य में 100 सौर ग्राम बनाने का अभियान शुरू किया है, जिसके तहत गांवों में सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं, ताकि प्रत्येक घर को सौर ऊर्जा से बिजली मिल सके। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय, स्कूल, सड़क के लाइट्स, और पानी आपूर्ति योजना के लिए भी सौर ऊर्जा से बिजली दी जाएगी।

# करियर पर विशेषज्ञ वार्ता आयोजित




**नागपुर.**

एमकेएसएसएस के कर्मिस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर विमेन के इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट इंटरेक्शन सेल द्वारा किर्लोस्कर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पुणे के डॉ. अजहर की विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में "करियर के अवसर और रोजगार कौशल" विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कॉलेज के तीसरे और चौथे वर्ष के सभी शाखाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. अजहर ने इंजीनियरिंग छात्रों को विभिन्न डोमेन और क्षेत्रों में उपलब्ध करियर के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने रोजगार कौशल को विकसित करने के महत्व पर भी जोर दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर के मार्गदर्शन और समर्थन में किया गया। सत्र का समन्वय प्रोफेसर आदित्य कवडसकर ने किया। कार्यक्रम ने छात्रों को उनके भविष्य की दिशा तय करने में मार्गदर्शन प्रदान किया।

# जलालखेडा-बस स्टेशन विकास के प्रयासों को सफलता: सलिल देशमुख



**काटोल.** नरखेड, कोंढाली, मोवाड, जलालखेड़ा,बस स्टेशन दुरुस्ती अद्ययावतीकरण के लिए अब तक 23 करोड़ रुपये की निधि स्वीकृत की गई है। इनमें से अनेक निर्माण कार्यों का निर्माण कार्य शुरू भी हो चुके हैं. इसके अलावा कुछ कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत न होने के कारण वे कार्य रुके हुए हैं। यह जानकारी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद चंद्र पवार पार्टी के जि प सदस्य सलील देशमुख ने दी.उन्होंने बताया काटोल विधानसभा मतदारसंघ के बस डेपो तथा बडे बस स्टेशन के अद्यावतन के काम के लिए निर्माण निधि स्वीकृत करने की कोशिश किया था. बस स्टेशन के विकास के लिए निर्माण निधि की मंजूरी प्राप्त करने में सफलता भी मिली है। उन्होंने हाल ही में परिवहन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और प्रस्तावित कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत करने की बात कही. काटोल /कोंढाली के बस स्टैंड इलाके में बड़ी संख्या में गड्ढे पड़े थे. इस वजह से इसकी मरम्मत तथा अद्यतन की जरूरत पड़ी. इसके लिए लगातार फॉलोअप के कारण काटोल के 03 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए और वर्तमान में यहां सीमेंटीकरण का काम प्रगति पर है। उनकी ही पहल पर यहां नई इलेक्ट्रिक बस स्वीकृत हुई हैं और वे नागपुर से जलालखेड़ा तक चल रही हैं। काटोल में चार्जिंग स्टेशन स्वीकृत हो चुका है और इसका काम भी प्रगति पर है। अभी भी काटोल डिपो के लिये 25 बसों की कमी है.बस स्टेशन की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाने का प्रस्तावित है। आहे मंजुरी देने का अनुरोध किया है. नरखेड बस स्टेशन के लिए 04 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं और इसका पुनर्निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। कोंढाली बस स्टैंड के लिए 03 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं और बस स्टैंड क्षेत्र में सीमेंटीकरण के निर्माण कार्य प्रारंभ होने की जानकारी भी दी। काटोल नरखेड तालुका में गांव-गांव बस सेवाओं को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं और जलालखेड़ा और मोवाड में बस स्टेशन परिसर के नवीनीकरण के लिए 12 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, लेकिन कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण इसका काम शुरू नहीं हो सकता है. इन तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन दिये जाने की जानकारी सलिल देशमुख द्वारा दी गयी है.

# सीपी का गड्डीगोदाम चौक में औचक निरीक्षण



**नागपुर.** सदर परिसर के गड्डीगोदाम चौक में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस आयुक्त डॉ.सिंगल ने अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस उपनिरीक्षक अनिल बोमले और महिला अमलदार संघदीपा सदावर्ते से आवश्यक जानकारी ली और कुछ दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने चौक पर मौजूद नागरिकों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। नागरिकों ने पुलिस आयुक्त से सड़क दुर्घटनाओं और यातायात जाम से संबंधित कुछ शिकायतें की, जिन्हें उन्होंने गंभीरता से लिया। आयुक्त ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिए। इसके बाद डॉ.सिंगल ने गड्डी गोदाम परिसर में पैदल गश्त की और नागरिकों से संवाद करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय पुलिस को चेतावनी दी कि वे अपने कर्तव्यों में लापरवाही न बरतें और नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। पुलिस आयुक्त के इस औचक निरीक्षण से नागरिकों में सुरक्षा का एहसास बढ़ा और पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी निगरानी की उम्मीद जगी।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 267-5 | 389-0 |
| श्रीदेवी नाईट | 146-1 | 367-6 |
| प्रभात | 260-8 | 580-3 |
| प्रभात नाईट | 489-1 | 148-3 |
| डायमंड | 347-4 | 260-8 |
| मेन बाजार | 345-2 | - |
| मिलन डे | 340-7 | 790-6 |
| मेन रतन | 119-1 | 230-5 |
| कल्याण | 488-0 | 299-0 |
| राजधानी डे | 157-3 | 470-1 |
| राजधानी नाईट | 348-5 | 468-8 |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 788-3 | 245-1 |

# कृत्रिम अंग चिन्हांकन और मेडिकल बोर्ड शिविर संपन्न

## दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण, 45 हितग्राहियों का हुआ चयन, 200 हितग्राहियों के बने दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सौंसर.** सौंसर जनपद पंचायत के प्रांगण में दिव्यांगजनों हेतु भारत सरकार के एडिप योजनान्तर्गत सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विजय रेवनाथ चौरे, जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड, निलीमा पाटिल, जनपद अध्यक्ष संजय भूते, उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे, जनपद सदस्य डॉ गुलाब पांडे, मारोती कारोकार, सेवकराम गमे, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा डागा, पिपला नगराध्यक्ष अरूणा किशोर चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता श्यामराव धवले, होमदेव वंजारकर, दिनेश रायकवार, सदानंद ड़ोंगरे, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल सीईओ ललित चौधरी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शुक्ला मंचासीन थे. अवसर पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि, सरकार द्वारा दिव्यांगों सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है. अस्थि बाधित दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान करके आम आदमी की तरह कार्य करने की शक्ति देता है. दिव्यांगों को सशक्त बनाने सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई है लेकिन पंचायत स्तरीय सरकारी अमला इसका लाभ दिलाने में उत्साह नही दिखते है. जिसके चलते कई लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पाता है. सरकारी अमला मानवीय भावना तथा अपने कर्तव्य के साथ में दिव्यांगों को लाभ पहुंचाने का कार्य करे. जानकारी देते हुए समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी चंद्रशेखर गोहिया ने बताया कि, दो सौ हितग्राहियों का दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा 45 हितग्राहियों का एलिम्को द्वारा उपकरण हेतु चिन्हांकन किया. आभार प्रदर्शन खंड पंचायत निरीक्षक सुभाष ठाकरे ने किया. बगैर जांच के वापस छिंदवाड़ा लौटे चिकित्सक, दिव्यांग शिविर में छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय से अस्थि, नेत्र, कान के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम जांच एवं प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आई थी. लेकिन चिकित्सकों की टीम शिविर में देरी से पहुंची तथा समापन के दो घंटे पूर्व ही छिंदवाड़ा लौट गई. जिसके कारण एक दर्जन से अधिक दिव्यांग शिविर का लाभ लेने से वंचित रह गये. लोधीखेडा निवासी 5 वर्षीय मानसिक गायत्री के पिता प्रकाश बावने का कहना है कि, हम सुबह 11 बजे से आये है, हमारा नंबर आते तक चिकित्सक बगैर बताये चले गये. तीनखेडा निवासी हरी भूते, जयंवती गौरखेडे का कहते है कि, हम शिविर में अपने पांवों के इलाज तथा प्रमाण पत्र बनवाने आये थे. लेकिन चिकित्सकों ने जांच ही नहीं की. दुसरी ओर जनपद अध्यक्ष संजय भूते का कहना है कि, जिला छिंदवाड़ा चिकित्सकों की टीम समापन के पूर्व ही चली गई, इसकी शिकायत छिंदवाड़ा कलेक्टर से करेगे. दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र और एडिप योजना अंतर्गत कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर आयोजन मंगलवार को जनपद पंचायत में आयोजित किया गया. शिविर में ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के कार्यकर्ताओं ने दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र और सहायक उपकरण के चिन्हांकन में सहयोग दिया. शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों और उनके परिजनों को मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी संस्था कार्यकर्ताओं ने दी.संस्था प्रमुख श्याम धवले ने बताया कि संस्था के निवेदन पर आयुक्त दिव्यांगजन संदीप रजक द्वारा जिला मुख्यालय में चलित न्यायालय लगाने के निर्देश दिए हैं. चलित न्यायालय के पूर्व दिव्यांगता प्रमाण पत्र और कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर आयोजन किया गया. सिविल अस्पताल पांढुर्णा में 22 दिसंबर को चलित न्यायालय में आयुक्त दिव्यांगजन दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत प्रदेश एवं केंद्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित दिव्यांगजनों की समस्याओं का निराकरण करेंगे.



CMYK